# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मार्च 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आय का डोर टू डोर होगा सर्वे, स्व सहायता समूह की महिलाएं होंगी मैदान पर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आय का सर्वेक्षण डोर टू डोर किया जाएगा। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बैठक लेकर अधिकारियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए है। स्व सहायता समूह की सीआरपी की महिलाएं सर्वे का कार्य करेंगे। छूटे हुए लोगों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए इन्हें ऐसे छूटे हुए लोगों की सूची निगम ने उपलब्ध कराया है। नगर पालिक निगम भिलाई शहर के नागरिकों से अपील करता है कि सर्वे के दौरान अपने सामान्य जानकारी देने में निगम के कर्मचारियों का सहयोग करें। ताकि सर्वे के दौरान निगम के कर्मचारियों को सर्वेक्षण कार्य में बाधा न आए और सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो सके, इसके लिए निर्वाचित पार्षदों से भी निगम ने अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही समस्त पार्षद की बैठक क्वांटिफिएबल डाटा आयोग ने ली थी और आयोग ने सभी जानकारियां इससे संबंधित साझा की थी। बैठक के दौरान उपायुक्त सुनील अग्रहरि, राजस्व अधिकारी एनआर रत्नेश, सहायक नोडल अधिकारी रीता चतुर्वेदी, सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस एवं सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह सोरी इत्यादि मौजूद रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

## "लोगो"/"मोनो" की डिजाइन भेजने के लिए केवल 5 दिन का समय शेष, 10 मार्च है अंतिम तिथि ले सकते हैं भाग, डिजाइन भेजकर 51000 पुरस्कार प्राप्त करने का सुनहरा मौका

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के नए "लोगो"/"मोनो" के सृजन के लिए निगम ने डिजाइन तैयार कर मेल आईडी nigambhilai2022@gmail.com पर प्रेषित करने तथा विजेता को स्पॉन्सर के माध्यम से 51000 पुरस्कार राशि देने प्रतियोगिता का आयोजन किया है। महापौर नीरज पाल एवं गठित कमेटी के सदस्यों ने नए "लोगो"/"मोनो" के सृजन की महत्ता को देखते हुए इसके लिए नियम शर्ते तैयार करवाई है और नागरिक सहभागिता को उन्होंने महत्व दिया है। डिजाइन भेजने के लिए पहले फरवरी के अंतिम माह तक की तिथि तय की गई थी परंतु अब कॉन्पिटिशन को देखते हुए अंतिम तिथि 10 मार्च कर दी गई है। अंतिम तिथि 10 मार्च तक डिजाइन निगम के निर्धारित मेल आईडी पर भेज सकते हैं। 51 हजार पुरस्कार राशि जीतने का मौका मिल रहा है। वहीं निगम को एक नया "लोगो"/"मोनो" एक नए संदेश के साथ भिलाई को खुद का अपना "लोगो"/"मोनो" मिल जाएगा। अब तक 100 से अधिक डिजाइन मेल आईडी पर प्राप्त हो चुके हैं।



# प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने भिलाई निगम की कार्रवाई, एक ही प्रतिष्ठान से 50 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त, जुर्माना भी लगाया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय करने वालों पर नजर रखते हुए उन पर कार्रवाई की जा रही है। बाजार क्षेत्र में उड़नदस्ता के औचक निरीक्षण में केशरवानी प्लास्टिक कैरी बैग से 50 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित कैरी बैग और एक दुकान से 4 बोरी प्रतिबंधित प्लास्टिक गिलास को जप्ती बनाने की कार्यवाही की गई। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से हमारे स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव से सभी वाकिफ है। भिलाई शहर को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए निगम की टीम रेगुलर कार्रवाई कर रही है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय एवं उपयोग पर लगाम लगाने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इस कार्य के लिए पृथक से टीम का भी गठन किया है। निगम प्रशासन द्वारा गठित टीम ने सार्वजनिक स्थानों, व्यवसायिक परिसर, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन तथा व्यावसायिक क्षेत्रों और बाजार क्षेत्रो में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय और उपयोग करने वालों को लेकर शहर का निरीक्षण किए और अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई किए। केशरवानी प्लास्टिक से 4000 रू, ब्यूटी कार्नर से 500 रू, खुशी स्टोर्स से 500 रू तथा एक अन्य दुकानदार से 500 रू अर्थदंड वसूलने के साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कैरी बैग को जप्त किया। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय, उपयोग, परिवहन, उत्पादन एवं भण्डारण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। कार्यवाही के दौरान टीम में विनोद पाण्डेय, पंकज, दिलदार, रजनीकांत, सुलाखन उपस्थित थे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 38 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न, महापौर नीरज पाल ने नव दांपत्य को सुखद जीवन निर्वाह करने की दी शुभकामनाएं

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत बुधवार को वैशाली नगर संस्कृतिक भवन में विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महापौर नीरज पाल, अंताव्यवसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं तुलसी साहू (अधिवक्ता) ने नए जोड़ों को उनके आगामी सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। वैशाली नगर संस्कृतिक भवन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के कार्यक्रम में 38 जोड़ों का विवाह हुआ और वे सभी परिणय सूत्र में बंधे। महापौर नीरज पाल ने इस कन्या विवाह योजना को बेहतरीन बताया और कहा कि आर्थिक तंगी के जमाने में पैसों की बचत भी होती है। वही निर्धन परिवार की कन्याओं तथा बेसहारा कन्याओं को भी इस विवाह योजना से लाभ मिलता है। इस योजना में खास बात यह है कि विवाह की संपूर्ण सामग्री जैसे वस्त्र, अलमीरा, पेटी, रैक, बर्तन, ड्रम, कुकर, चांदी, मंगलसूत्र, बिछिया और घड़ी सेट एवं 1000 रुपए चेक के माध्यम से दिया जाता है। वैशाली नगर के आयोजित कार्यक्रम में 38 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। इस अवसर पर महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा अग्रवाल, पर्यवेक्षक शिल्पा श्रीवास्तव, उमेश शुक्ला, दीपशिखा नायक, प्रीति देवांगन व मोनिका के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# विश्व जल दिवस पर महापौर और आयुक्त के निर्देश से पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए भिलाई में जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर, पानी की समस्या को लेकर निगम दफ्तर आने की जरूरत नहीं

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल की शिकायतों से संबंधित संपर्क करने के लिए अब निगम दफ्तर आने की जरूरत नहीं है। दूरभाष पर ही इसकी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है और निगम के अधिकारी इन शिकायतों का समाधान करेंगे। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर विश्व जल दिवस के दिन प्रत्येक जोन क्षेत्र के पेयजल संबंधित शिकायतों के लिए हेल्प नंबर जारी किया जा रहा है। नेहरू नगर जोन के लिए धनराज चौहान मोबाइल नंबर 8982235812, वैशाली नगर जोन क्षेत्र के लिए पुरुषोत्तम सिन्हा मोबाइल नंबर 8817910823, ललित शुक्ला मोबाइल नंबर 97705 78118, संतराम देवांगन मोबाइल नंबर 7389324105, मदर टेरेसा नगर जोन क्षेत्र के लिए श्याम ठाकुर मोबाइल नंबर 7389633642, शिवाजी नगर जोन क्षेत्र के लिए वेंकट राव मोबाइल नंबर 9111523860 एवं जोन क्रमांक 5 निगम क्षेत्र के लिए निरंजन असाटी मोबाइल नंबर 9993616050 से संपर्क कर सकते हैं। ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुका है ऐसे में नागरिकों को पानी के लिए समस्या न हो इस पर नगर पालिक निगम भिलाई सतत कार्य कर रहा है।



# भारत माता की जयकारों से गुंजा शहीद गार्डन

भिलाई नगर/ शहीद दिवस के अवसर पर आज शहीद उद्यान में हजारों की संख्या में लोग शहीदों की याद में उपस्थित थे। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण कर सभी शहीदों को नमन कर याद किया। इस अवसर पर शहीद उद्यान में देशभक्ति का नारा गूंज उठा। विभिन्न देश भक्ति के नृत्यों से एवं देश भक्ति के गायन से परिसर देश भक्ति मय हो गया। चारों ओर भारत माता के जयकारे और वंदे मातरम का नारा गूंजने लगा। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि शहीदों ने जो लड़ाई लड़ी और जो बलिदान दिया उसकी बदौलत आज हम चैन की सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहीद उद्यान युवाओं का प्रेरणा स्रोत भी है जिन्होंने अपने बलिदान दिए हैं उनके आदर्शो पर चलने का मार्ग शहीद उद्यान में आकर जानने का और समझने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सिविक सेंटर की तस्वीर भी बदलेगी और खूबसूरत तथा आकर्षक रूप में शहर का सेंट्रल ऑफ अट्रैक्शन के रूप में नजर आएगा। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं रामानंद मौर्या, महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, एकांश बंछोर, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, रीता सिंह गेरा, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, केशव चौबे, मीरा बंजारे, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गवई, लालचंद वर्मा एवं पार्षद रिकेश सेन मौजूद रहे। शिक्षा की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए रीडिंग जोन का काम किया जाएगा। बड़े ही सुव्यवस्थित तरीके से रीडिंग जोन को तैयार किया जाएगा और बड़े मात्रा में बच्चे अपनी पढ़ाई रीडिंग जोन के माध्यम से कर पाएंगे और उच्च शिक्षा की ओर आगे बढ़ेंगे।





# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मैनेजरों को प्रगति में सुधार लाने दिये निर्देश अन्यथा होगी कार्रवाई-आयुक्त

भिलाई नगर/ भिलाई निगम के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारी/कर्मचारियों के कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक लिये जिसमें एनयूएलएम के सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास तथा स्वरोजगार कार्यक्रम घटक की प्रगति कम होने पर फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार लाने तथा प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त ने दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम घटक, सामाजिक गतिशीलता एवं सस्थागत विकास घटक की प्रगति देखी और प्रगति कम होने पर सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस, मिशन मैनेजर एकता शर्मा, नलिनी तनेजा, अमन पटले, शिबा राबर्ट एवं बैठक में उपस्थित सी.ओ. को संचालित कार्यो की जानकारी लेते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये अन्यथा कार्यवाही की चेतवानी भी दी। सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गौठान में मवेशियों के लिए अधिक से अधिक पैरा दान कराने के काम में जोर देने कहा, गौठान में निरंतर प्रक्रिया के तहत वर्मी कंपोस्ट की क्वालिटी पर फोकस करने कहा। इसके अलावा स्व सहायता समूह का गठन, स्व सहायता समूह का आवर्ती निधि, क्षेत्र स्तरीय संगठन का गठन, क्षेत्र स्तरीय संगठन का आवर्ती निधि एवं शहर स्तरीय संगठन बनाने के कार्यो में धीमी गति पाए जाने पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्यों में तत्काल सुधार लाते हुए सत प्रतिशत प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।



# निगम प्रशासन ने 06 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर/ 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 06 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को एकजुट होकर कोरोना काल से निपटने के लिए प्रेरित किए। महापौर नीरज पाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शहर की स्वच्छता, कोरोना काल मे जरूरतमन्दों दवाई भोजन पहुचाने की आवश्यक सेवा जैसे विभिन्न उपलब्धियों में आप लोगों की भूमिका रही है। सभागार में आयोजित सेवानिवृत्त कार्यक्रम में चौकीदार दफ्तरी मोहन लाल वर्मा पिता जनकराम वर्मा जोन 01 नेहरू नगर, चौकीदार तुरन लाल पिता झुकुराम जोन 01 नेहरू नगर, सफाई कामगार श्रीमति मनोरमा वाहने पति स्व. संपत वाहने जोन 01 नेहरू नगर, पम्प सहायक दण्डीराम यदु पिता कलीराम जोन 02 वैशालीनगर, सफाई कामगार श्रीमती सावन बाई पति स्व. बुधारू जोन 05 सेक्टर 06 को जो कि साडा कार्यकाल से निगम में सेवा प्रदान कर रहे थे आज उनको प्रतीक चिन्ह भेंट कर बिदाई दी गई।





**Editorial Board**

श्री प्रकाश कुमार सर्वे
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई